तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 27 अप्रैल 2025

14 मुस्लिम समाज ने पहलगाम हिंसा के खिलाफ ...




14 विधायक सावित्री पहुंची सराधुघामरे, सामुदायिक ...





## खबर संक्षेप



### समर कैंप में बच्चों को दी जा रही है कंप्यूटर की शिक्षा

**दुर्गूकोंदल।** 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालय में अध्यनरत बच्चों के लिए समर कैंप लगाया गया है, जिसमें कंप्यूटर की भी शिक्षा दी जा रही है। अधीक्षिका शैलेंद्री मरकाम ने बताया कि बहुत से अध्यनरत बच्चे अपने घर से भी समर कैंप में अध्यापन करने हेतु आ रहे हैं। प्रशिक्षकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के शिल्प कला क्राफ्ट एवं अन्य गतिविधियों के साथ कंप्यूटर की शिक्षा डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एबीईओ ने सभी प्रशिक्षकों, शिक्षकों एवं संस्था के सभी बच्चों को मोटीवेट किया। इस अवसर पर संस्था कका समस्त अमला उपस्थित रहा।

### ग्रामीण ने अज्ञात कारणों से जहर खाकर दी जान

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत अंजनी निवासी 45 वर्षीय शैलेश नेताम ने अज्ञात कारणो के चलते जहर खा लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने की वजह से उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर का सेवन का सेवन कर लिया था। ईलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जहां उसका 24 अप्रैल को सुबह पौने 11 बजें मौत हो गया। मृतक ने जहर क्यो खाया यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### नवनिर्वाचित सरपंच ने शपथ ग्रहण कराने के साथ संभाला कार्यभार



**दुर्गूकोंदल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद अब निर्वाचित हुए सरपंचों को प्रभार मिलना शुरू हो गया है। ग्राम पंचायत हाटकोंदल में पंचायत भवन में नवनिर्वाचित सरपंच हरीशा सरोज मंडावी को सचिव सतिमा उयके ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह के बाद सरपंच ने कहा कि वह पंचायत के एक-एक गांव का विकास करेंगीं। सभी की समस्याओं का तत्काल समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीणों के आनन्द तेता,नरेश रावटे, कुशल मंडावी, बहुलसिंह यादव, दरबू कोसमा, युवराज सिंह, प्रवीण ठाकुर, ललित हिड़को, पूर्व सरपंच त्रिभुन टेकाम,इंद्रजीत परचापी,विष्णु तेता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पुस्तकालय को बंद होने से बचाने के लिए विद्यार्थियों ने विधायक से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर भानुप्रतापपुर में स्थित खुली किताब पुस्तकालय को बंद होने से बचाने के लिए अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं ने स्थानीय विधायक से मिलकर गुहार लगाया है, वहीं विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि यह बंद नहीं होगा। छात्र-छात्राओं ने कहा कि यह पुस्तकालय न केवल ज्ञान का केंद्र है, बल्कि कई बच्चों के सपनों की पहली सीढ़ी भी है।

नगर भानुप्रतापपुर में तब खुली किताब पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया था, जब किसी ने इसके बारे में सोचा भी नहीं था। भानुप्रतापपुर के तत्कालीन एसडीएम जितेंद्र यादव की पहल और नगरवासियों की मदद से शुरू किया गया था। इसे अब बंद करने के लिए बात आने पर यहाँ पर अध्ययन करने वाले छात्रों ने बंद होने से बचाने के लिए विधायक सावित्री मंडावी को ज्ञापन भी सौंपा है। छात्र-छात्राओं ने कहा कि इस खुली किताब पुस्तकालय ने न जाने कितने गरीब और जरूरतमंद छात्रों को निःशुल्क अध्ययन सामग्री और एक शांत वातावरण प्रदान किया है। यहाँ बैठकर कई युवाओं ने अपने भविष्य के सपनों को आकार दिया है। यदि पुस्तकालय बंद हो गया, तो सैकड़ों छात्रों का अध्ययन प्रभावित होगा और समाज एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक धरोहर को खो देगा। नगर में दूसरी भी पुस्तकालय खोले गए है, उनको भी प्रारंभ रहने दिया जाना चाहिए, परंतु पुरानी धरोहर को बंद नहीं करना चाहिए, क्योकि छात्रों की उससे यादें जुड़ी रहती है।

**विधायक ने कलेक्टर से बात करके बंद न होने का दिया आश्वासन**



### विधायक ने छात्रों को दिया आश्वासन

विधायक ने मिलने वाले छात्रों को आश्वासन दिया कि पुस्तकालय को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। विधायक ने त्वरित कलेक्टर से बात कर यथावत रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा पुस्तकालय केवल किताबों का संग्रह नहीं होता, यह सपनों का घर होता है। हम इसे यूँ ही खत्म नहीं होने देंगे। विधायक की पहल को छात्रों ने सराहा।


**आपरेशन का असर : समिति के प्रबंधकों पर पुलिस की तीखी नजर**

# टीसीओसी 24 में सर्वाधिक नक्सली ढेर और 25 में फोर्स के खौफ से हुए भूमिगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

> ■ प्रबंधकों ने नक्सलियों की मदद की तो जाएंगे जेल

नक्सली प्रत्येक वर्ष दो बार टीसीओसी यानी टैक्टिकल काउंटर अफेंसिव कैंपेन कार्यक्रम साल के पहले तीन से चार माह और साल के अंतिम तीन माह चलता है। बस्तर संभाग में नक्सलियों का इतिहास देखा जाएं तो साल के पहले चार से पांच माह चलने वाले टीसीओसी में ही बड़ी घटनाएं घटी है और जवानों को नुकसान हुआ है, परंतु 2024 ऐसा साल है, जिसमें टीसीओसी के दौरान सबसे ज्यादा नक्सली मरे है और 2025 के टीसीओसी में जवानों के आने की खबर मिलते ही नक्सली भूमिगत हो रहे है। इससे लग रहा है कि नक्सलियों की कमर टूट रही है और दहशत में है। जानकारी के अनुसार नक्सली साल के शुरू के पांच माह टीसीओसी में सबसे ज्यादा वारदात करके बस्तर संभाग के तेंदूपत्ता ठेकेदारों से अरबों की लेवी लेते थे, यह लेवी उनको साल भर खर्चा चलाने के लिए काम आती थी। देश के गृहमंत्री के द्वारा दिए गए अल्टीमेटम और एक साल की छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के लिए गए निर्णय के चलते 2024 के टीसीओसी में पहले चार से पाँच माह में नक्सली न तो वारदात कर पाएं और न ही वसूली के लिए खुलकर सामने आएं। 2024 में नक्सलियों का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, इतना नुकसान आज तक कभी भी नक्सलियों के इतिहास में नहीं हुआ होगा। भाजपा सरकार ने 2025 में तेंदूपत्ता खरीदी सरकारी कर दिए जाने से अब उनकी ज्यादा कमर टूट गई। बस्तर में लंबे समय से साउथ और पश्चिम बंगाल से आने वाले ठेकेदारों से जिस तरह की सेटिंग थी, वो पूरी तरह इस साल ध्वस्त हो गई। इससे यह तय है कि नक्सली आर्थिक दृष्टिकोण से पूरी तरह से टूट जाएंगे। सरकारी तेंदूपत्ता तोड़ाई में नक्सलियों को किसी भी तरह की लेवी नहीं मिल पाएगी। पुलिस इस बार समिति के प्रबंधको पर भी नजर बनाए हुए है और उनकी गतिविधियों की पतासाजी की जा रही है। समिति प्रबंधकों ने नक्सलियों के मददगार बनें, तो उनका भी जेल जाना तय है।



हरा रंग जो दिख रहा है, यह घोर नक्सल ईलाका था

### गर्मी में टीसीओसी चलाते हैं नक्सली

साल के इस समय शहीद हुए नक्सलियों की स्मारक बनाना और कई मुद्दो को लेकर बंद करवाने और संगठन का प्रचार करने का काम करते थे। मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या करने का काम इसी समय करते थे। ग्रामीण क्षेत्रो में अपनी पकड़ को मजबूत बनाने के लिए इस समय संगठन को मजबूत करते थे। इस समय स्थानीय युवकों को बरगलाकर अपने संगठन में जोड़ने का काम करते थे। बारिश के चार माह नक्सली किसी भी तरह की गतिविधि में शामिल नहीं होते थे।

### नक्सली छिपने को हुए मजबूर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला का कहना है कि 2024 के टीसीओसी के पहले कैंपन में नक्सलियों का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, इतना कभी नहीं हुआ होगा। 2025 के टीसीओसी में नक्सली छिपने को मजबूर हो गए है। जंगल में जवान गश्त पर जा रहे है, नक्सली अपने सभी ठिकानों को छोड़कर जान बचाने के लिए छिप रहे है, यह पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है।

# पखांजूर बाजार से बाइक की चोरी, तालाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पखांजुर के बाजार में सामान लेने गए व्यक्ति की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। वाहन मालिक ने दो व्यक्ति के ऊपर बाइक चोरी करने का संदेह जाहिर किया। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में डटी है। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 131 चैतन्यपुर निवासी 22 वर्षीय सुभाष मंडल पिता स्व. सनत मंडल ने पुलिस को बताया कि मेरी मां लतिका मंडल के नाम से मोटर साकयल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएल 5524 है। उक्त वाहन को लेकर 16 अप्रैल को शाम पौने 6 बजें पखांजुर का बाजार गया था। वाहन को नया बाजार दुर्गा मंदिर के पीछे खड़ा करके सामान लेने चला गया। बाजार से सामान लेने के बाद घर जाने के लिए मोटर सायकल के पास गया, परंतु वहाँ पर मोटर सायकल नहीं थी। मोटर सायकल को इधर उधर पता किया, परंतु कोई जानकारी नहीं मिली। मुझे पतासाजी के दौरान ऐसा मुझे संदेह मेरे गांव के किशोर किर्तनिया एवं पीव्ही 56 निवासी सुखदेव किर्तनिया के ऊपर संदेह हो रहा है, क्योकि उनके द्वारा पूर्व में भी कई वाहनों की चोरी किया गया है। मेरी मोटर सायकल की जिस दिन से चोरी हुआ है, उसी दिन से किशोर किर्तनिया एवं सुखदेव किर्तनिया अपने-अपने घर से लापता है। मुझे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह उक्त वाहन को लेकर कोई अप्रिय घटना घटित कर सकते है। मोटर सायकल चोरी हुआ उस दिन से लगातार पता तलाश व खोजबीन किया, लेकिन नहीं मिला। चोरी की शिकायत पर पखांजुर लिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### केशलूर में 4 वाहनों से अवैध महुआ बरामद

**जगदलपुर।** उपज का अवैध कारोबार को रोकने के लिए राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के जेडी ने टीम गठित की। जेडी के निर्देश पर शुक्रवार को आधीरात को मुखबीर की सूचना पर टीम ने केशलूर में गश्त किया। इस दौरान मलकानगिरी से जगदलपुर तक 4 वाहनों से बिना कागजात के महुआ बेचने के लिए पहुंच रही थी, लेकिन संयुक्त संचालक के निर्देश पर टीम के कृषि उपज मंडी जगदलपुर के सचिव वीरेन्द्र दिल्लीवार, ई-नाम के प्रभाकर, कर्मी गुलशन, राम आदि ने 25 अप्रैल की रात लगभग एक से दो बजे बीच वाहन मिली।

# कार की टक्कर से सायकिल सवार हुआ घायल, वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर








कांकेर के बाईपास रोड कोड़ेजुंगा के पास कार की टक्कर से सायकिल सवार मजदूर घायल हो गया। कार चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सायकल सवार को जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे वह जमीन पर गिर गया। सड़क में गिरने से उसके शरीर में चोट आई। ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईलाज के उपरांत अपराध दर्ज कराया। थाना में शिकायत करने पहुंचे तुलतुली निवासी 45 वर्षीय खम्मन विश्वकर्मा पिता स्व. राम लाल विश्वकर्मा हाल निवासी ग्राम कोड़ेजुंगा ने पुलिस को बताया कि रोजी मजदूरी का काम करता हूं और 24 अप्रैल को सुबह करीबन 7 बजे काम से श्रीराम नगर कांकेर गया था। काम करके अपने सायकल से घर जाते समय सुबह करीबन साढ़े 9 बजे बाईपास रोड पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था। उसी समय आरोपी वाहन कार क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 6088 का चालक अपने कार को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे सायकल सहित रोड में गिर गया। सड़क में गिरने से सिर, दोनों पैर में चोंटे आई। यातायात की पेट्रोलिंग टीम ने अपने वाहन में घायल को ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल से ▶▶| शेष पेज 12 पर



### शिक्षक के मृत्यु पर नामिनी को मिली अनुग्रह राशि

**दुर्गूकोंदल।** प्राथमिक शाला जाड़ेकुर्सी में पदस्थ सहायक शिक्षक अनिल कुमार ठाकुर का निधन हो जाने पर उसके गृह ग्राम पटेली विकासखंड डौंडी जिला बालोद में नामिनी उनकी पत्नी अंजली देवी ठाकुर को अनुग्रह राशि का चेक दिया गया। इस दौरान बीईओ कार्यालय का स्टाप नरेश करसालिया, सीआरसी जाड़ेकुर्सी वेदप्रकाश परते, नीलकंठ शोरी, निर्भय कोवाची, दीपक साहू, घनश्याम सहारे, ईश्वर ठाकुर, ग्राम प्रमुख और परिजन उपस्थित रहे।

# बनसागर व रिसेवाड़ा में हरिद्वार से पहुंचे ज्योति कलश का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बनसागर

> ■ गायत्री मंत्र के महत्व का हो रहा प्रचार-प्रसार



बनसागर में हरिद्वार से ज्योति कलश का दर्शन करने गायत्री परिवार की सज्जन मां गायत्री की प्रतिभा के साथ उनके गुरु रामचार्य माता का तस्वीर दर्शन करते हुए प्रत्येक ग्राम में भ्रमण गायत्री परिवार के लोगों के द्वारा ज्योति का दर्शन कर रहे हैं।

ज्योति कलश के साथ चल रहे गायत्री परिवार के सदस्यों ने बताया कि यह ज्योति 1000 वर्ष पूर्ण होने वाला है और मां गायत्री का जानकारी गायत्री परिवार के सज्जन मां गायत्री का वर्णन किया। मां गायत्री मंत्र के उच्चारण करने से मनुष्य में सद्भावना प्रेम बढ़ता है। मानवता की भावना जागृति होता है यह गायत्री परिवार के ज्योति कलश रथ के साथ आए हुए सज्जनों ने मां गायत्री का विस्तार से जानकारी दिए। मां ज्योति कलश जैसे ही हमारे ग्राम बनसागर एवं रिसेवाडा में पहुंची माता बहनों ने आरती सजाकर फूल चढ़कर मां ज्योति का पूजा अर्चना किया और दर्शन किया। बनसागर के प्रज्ञा महिला मंडल बनसागर के द्वारा हरिद्वार से आए ज्योति कलश का स्वागत कर उनके लिए भोजन की व्यवस्था किया गया। इस अवसर पर प्रज्ञा महिला मंडल के अध्यक्ष सुमित्रा सिंहा, शिवबती ▶▶| शेष पेज 12 पर

**सेन समाज में बाल विवाह पूर्णतः प्रतिबंधित करने समाजजनों ने ली शपथ**

# युवाओं को समाज की नीति व संस्कृति से कराएं पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

जिला श्रीवास सेन समाज के द्वारा अपने ईष्ट देव नंदा सेन महराज की 725 वीं जंयती कोकपुर के रामायण मंच में हर्षोल्लास के साथ मनाया। समाज जनों ने नंदा सेन महराज के छायाचित्र की पूजा अर्चना व आरती कर इस कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा शीतला मंदिर से निकलकर ग्राम का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। सेन समाज में बाल विवाह पूर्णतः प्रतिबंधित करने का शपथ लिया।

ुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थित विधायक ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के ऐसे कार्यक्रमों से समाज के युवा, युवतियों को अनिवार्य रूप से जोड़ना चाहिए। आज के युवा कल के भविष्य हैं और आने वाले समय में इन युवाओं को समाज व देश का नेतृत्व करना है। इसलिए समय रहते समाज की नीति नियम व संस्कृति की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं में बढ़ रहे नशापान प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे परिवार की बर्बादी व उन्नति के मार्ग पर सबसे बड़ा बाधक बताया। समाज की माँग पर विधायक ने भवन निर्माण शीघ्र करवाने का आश्वासन दिया। कांकेर नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, समाज के जिला अध्यक्ष कैलाश सेन, जन नायक कर्पूरी ठाकुर एवं युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पवन सेन ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लोकेश्वर सेन ने किया।



### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

*आयोजित कार्यक्रम में शैलेन्द्र कौशिक, भुनेश्वर सेन, अनिल, हरिशंकर सेन, नुतन, गोविंद, कोमल, सुनील, मुकेश, अवध, दयालु राम, राजु, प्रकाश, रेखराम, यशवंत, धनाराम, अशोक, यामिनी, मेधा, गुंजा, उषा, निशा, तृप्ति, लीलावती, मोहनी, आरती*

### समाज की मांग को किया पूरा

कार्यक्रम में समाज जनों की मांग पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने बरसात के पूर्व नलकूप खनन की स्वीकृति प्रदान की वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने इस नलकूप के लिए पंप की स्वीकृति दिया। कांकेर जनपद पंचायत अध्यक्ष पुर्णिमा कांवड़े व उपाध्यक्ष तारिणी ठाकुर ने बाउंड्री वॉल करवाने आश्वस्त किया। जनपद सदस्य अशोक कचलाम ने अपनी निधि से टिना शेड बनवाने की घोषणा किया। समाज जनों की मांग पर ग्राम पंचायत कोकपुर सरपंच निशा दुग्गा व उपसरपंच चुनेश्वर जैन ने सीसी रोड़ की मांग पूरा करवाने की दिशा में कार्य करने की बात कही। समाज शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए धन राशि भी मुहैया कराने के साथ साथ प्रोत्साहित भी करती हैं व प्रतिवर्ष सेन जंयती के अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी करती हैं। केश शिल्पी बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त शाल मेमोन्टो से समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया।

# आवासी कन्या विद्यालय का परीक्षाफल शतप्रतिशत



**दुर्गूकोंदल।** शासकीय कन्या हाई स्कूल, कन्या माध्यमिक शाला, 200 सीटर शासकीय कन्या आवासीय विद्यालय दुर्गूकोंदल में 2024 -25 का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तेनसिंह नरेटी, सदस्य राजूरान दुग्गा, विशिष्ट अतिथि सविता उयके जनपद सदस्य एवं सरपंच खुटगांव मुकेश नरेटी, 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालय के शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी की उपस्थिति में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित के दौरान संस्था के संस्था प्रमुख एवं सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने छात्रों को लगातार कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। शा. दुर्गूकोंदल पूर्व माध्यमिक कन्या विद्यालय का छठवीं, सातवीं, 100 प्रतिशत, हाईस्कूल दुर्गूकोंदल का 94 प्रतिशत एवं 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालय दुगूकोंदल का परीक्षा परिणाम 6 वीं, 7 वीं, नवमी, 11 वीं का 100 प्रतिशत रहा।

## खबर संक्षेप



### पहलगांव आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि

**फरसगांव।** नगर पंचायत फरसगांव में विभिन्न सामाजिक संगठनों व धर्मों के लोगों द्वारा पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को स्थानीय अस्पताल चौक पर भावुक कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मारे गए सभी पर्यटकों को पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। आतंकी हमले से पूरा वातावरण देशभक्ति और आक्रोश से गूंज उठा। लोगों ने आतंकवाद और पाकिस्तान के विरुद्ध जोरदार नारे लगाए। पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने एक स्वर में भारत सरकार से हमले के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने एक स्वर में भारत सरकार से मांग की कि निर्दोष लोगों की कुर्बानी को व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए और ईंट का जवाब पत्थर से देना चाहिए।

### यात्री बस से लाखों के आभूषणों की चोरी

**धनौरा।** धनौरा से 4 लोग 24 अप्रैल की सुबह रायपुर जाने वाली महेंद्रा ट्रैव्हल्स बस से रायपुर गये। वहां से उन सभी को इलाहाबाद जाना था इसलिए मनीष ट्रैव्हल्स के बस से इलाहाबाद गये। यात्रा के दौरान बस हेल्पर ने उनका सामान बस के डिक्की में डाल दिया था। इलाहाबाद पहुंचने के बाद यात्री अपना बैग एवं सामान लेकर अपने गंतव्य गांव घर चले गये। घर पहुंचकर जब उन लोगों ने अपना बैग खोलकर देखा तो बैग के भीतर रखा गया सोना चांदी का आभूषण गायब पाया। धनौरा से बस से रायपुर और रायपुर से सीधे इलाहाबाद तक यात्रा करने वाले गुप्ता परिवार ने जीवन भर सपत्ति बतौर जोड़ जोड़कर बनवाकर रखें गये आभूषण के चोरी हो जाने से बहुत दुखी और स्तब्ध हैं।

### रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य ने किया रक्तदान



**कोण्डागांव।** शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में संचालित रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य अभिषेक ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सी.आर. पटेल राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक एस. बी. कन्नौजे एवं नसिर अहमद के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल में पहुंच कर मरीज अनिता पांडे को रक्तदान किया। रक्तदान के पश्चात रक्तदाता ने बताया कि रक्तदान करने के बाद उन्हें बहुत खुशी महसूस हो रही है साथ ही साथ उन्होंने युवाओं को आगे आकर रक्तदान करने के लिए अपील भी की। इस अवसर पर वीर गुण्डाधुर रक्तदाता समिति के अध्यक्ष मुकेश पोयाम, उपाध्यक्ष अजीत कुमार एवं साथी उपस्थित रहे।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षित लौटे जिले के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में कई सैलानियों की जान चली गई, लेकिन कुछ ऐसे भी सैलानी थे जो अपनी जान बचाकर सकुशल वापस लौटने में भी कामयाब हुए। जी हां, कोंडागांव जिले के ग्राम बाँसकोट निवासी एक दंपत्ति ने पहलगाम में हुए मौत के खूनी मंजर को अपने आंखों से देखा है। चश्मदीद दंपत्ति ने अपना आंखों देखा हाल मीडिया से साझा किया है।

बता दें कि कोंडागांव जिले के बांसकोट निवासी कैलाश सेठिया जो कि वर्तमान में मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। हाल ही में कांकेर के अपने रिश्तेदारों के साथ कश्मीर घूमने निकल गए। माता वैष्णोदेवी के दर्शन के बाद अन्य रिश्तेदार तो वापस लौट आए लेकिन कैलाश अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ कश्मीर घूमने निकल गया। सभी प्रमुख पर्यटक केंद्रों में घूमने के बाद परिवार पहलगाम के टैक्सी स्टैंड पहुंचा।



## चश्मदीदों ने बताया आंखों देखा हाल

### आंखों के सामने सैलानियों की हुई मौत

*कैलाश ने बताया कि पहलगाम का नजारा देख ही रहे थे कि अचानक सेना के यूनिफॉर्म में एक युवक बंदूक लेकर पहुंचा और पुरुष सैलानियों से उनका धर्म पूछने लगा। कैलाश के सीने में भी बंदूक टीकाकर हिन्दू हो या मुस्लिम कहने लगा तो वह तीन बार अल्लाह, अल्लाह, अल्लाह बोल ही रहा था कि आतंकवादी ने बाजू में खड़े एक सैलानी के कनपटी में गोली मार दिया और आगे निकलते गया। कैलाश ने बताया कि शायद वही शख्स लेप्टिनेंट विनय नरवाल हो सकता है। इसके बाद पांच अन्य सैलानियों के ऊपर भी फायरिंग हुई। तब तक कैलाश जमीन पर लेट चुका था जबकि उनकी पत्नी और बच्चे मौत का तांडव देख रहे थे। गोली चलाने वाला आतंकवादी जब दूर चला गया तब यह परिवार भी बच्चों को लेकर किसी तरह वहां से जान बचाकर करीब तीन किलोमीटर दूर स्थित टैक्सी स्टैंड पहुंचे।*

### दो दिन तक नहीं हुआ संपर्क, परिवार रहा परेशान

एक तरफ कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमला की खबर पूरे देश दुनिया के हर चैनल और सोशल मीडिया में वायरल होने लगी और दूसरी तरफ कैलाश व उनके परिवार का रिश्तेदारों से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा था। जिससे परिवार किसी अनहोनी की आशंका को लेकर परेशान होते रहे। इस बीच गुरुवार को छोटे भाई के मोबाइल में फोन आया और परिवार के सुरक्षित होने की जानकारी मिली तब जाकर सभी ने राहत की सांस ली। कैलाश ने बताया कि कश्मीर बहुत ही खूबसूरत जगह है। जहां एक बार आने वाला व्यक्ति बार-बार आना चाहेगा। लेकिन इस तरह की आतंकवादी घटना के बाद से अब शायद ही हम वहां जाने का सोचेंगे।

## विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की दी गई जानकारी

# गुंडाधुर महाविद्यालय में पंचायती राज दिवस व विकसित भारत अभियान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में 24 मार्च 2025 को पंचायती राज दिवस एवं विकसित भारत अभियान 2025 के अंतर्गत एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन राजनीति शास्त्र विभाग एवं 1 सीजी गर्ल्स बटालियन एनसीसी परचनपाल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल ने की तथा संचालन एनसीसी एएनओ नेहा बंजारे ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में नेहा बंजारे ने विकसित भारत अभियान की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह भारत सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी पहल है, जो भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने विकसित भारत–विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं नीतियों की भी जानकारी दी।




### पंचायती राज व्यवस्था की महत्ता पर दिया बल

इसके पश्चात भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष समलेश पोटाइ ने अपने वक्तव्य में आर्थिक–सामाजिक विकास, जीडीपी की भूमिका और पर्यावरण संरक्षण को विकसित राष्ट्र की नींव बताया। उन्होंने भारत और जर्मनी के बीच तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष अर्जुन सिंह नेताम ने पंचायती राज व्यवस्था की महत्ता पर बल देते हुए इसे लोकतंत्र की जड़ बताया और युवाओं से आह्वान किया कि वे पंचायत व्यवस्था को समझें और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें। अन्य प्राध्यापकों ने भी ग्रामीण विकास, पारदर्शिता और स्थानीय स्वशासन के महत्व पर विचार साझा किए।

### एनसीसी गर्ल्स यूनिट की चार कैडेट्स के राष्ट्रीय कैंप चयन पर बधाई

*प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल ने अपने समापन भाषण में अमृत काल की अवधारणा को समझाते हुए बताया कि यह कालखंड भारत को वैश्विक पटल पर एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने महाविद्यालय की एनसीसी गर्ल्स यूनिट की चार कैडेट्स के राष्ट्रीय कैंप चयन पर बधाई देते हुए गर्व व्यक्त किया। चयनित कैडेट्स में चांदनी कोर्राम और सतिमा मरकाम का चयन एडवेंचर कैंप 2025 मनाली तथा रोशनी यादव और नेहा मानिकपुरी का चयन एडवांस लीडरशिप कैंप 2025 करीमनगर, तेलंगाना के लिए हुआ है। ये दोनों कैंप 9 मई से आरंभ होंगे।*

**उपस्थित रहे ये** – इस अवसर पर एनसीसी परचनपाल से अचिंत्य विश्वास, महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, स्टाफ तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# कोण्डागांव में राष्ट्रवाद और सनातन संस्कृति का महासंगम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ श्रीराम मानस मंडल के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

श्रीराम मानस मंडल कोंडागांव के तत्वावधान में राष्ट्रवाद और सनातन संस्कृति का महासंगम एक प्रेरक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात राष्ट्रवादी विचारक, ओजस्वी वक्ता एवं सनातन धर्म के प्रबल समर्थक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ को आमंत्रित किया गया।

पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति पर जागरूकता बढ़ाने, राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना को प्रबल करने और युवाओं को अपने गौरवशाली अतीत से परिचित कराने के विषय पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सदस्य सोमलाल पोयाम और सदस्य रतिराम शोरी ने पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह और शॉल भेट किया।

# उरंदाबेड़ा पुलिस ने चलित थाना लगाकर लोगों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

■ गांव में किसी बाहरी व्यक्ति आने पर थाने में सूचना देने की दी हिदायत

फरसगांव ब्लाक के ग्राम पंचायत कसई फरसगांव में शनिवार 26 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के निर्देश पर एसडीओपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर गांव में चलित थाना के तहत संवैधानिक अधिकार,कानूनी अधिकार के बारे में जागरूक करने और कुछ महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराने का निर्देश दिया था।

इसी परिपेक्ष्य में थाना उरंदाबेड़ा की पुलिस ग्राम कसई फरसगांव पहुंच कर थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने सड़क दुर्घटना के समय जीवन बचाने में हेलमेट पहनने के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताया तथा अपना मोबाइल नंबर देकर किसी प्रकार की थाना से संबंधित सूचना देने की अपील की। यातायात नियम, सायबर क्राईम, एटीएम फ्राड, फर्जी बैंक के काल, पाक्सो एक्ट, बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित अपराध,अभिव्यक्ति एप, नशा मुक्ति , बाल विवाह के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान गांव के सरपंच ,उपरपंच,पंच और ग्रामीणजन थाना उरंदाबेड़ा के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।




# दिव्यांग बच्ची को नहीं मिल पा रहा शासन की योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

■ तकनीकी समस्याओं के कारण नहीं मिल पा रहा लाभ, जनचौपाल में रखी गई समस्या

विकास खंड के सोड़मा ग्राम पंचायत में दिनांक 25अप्रैल को जन चौपाल में सुकमन ने आवेदन किया मेरी बेटी गणेश्वरी, विगत 15 वर्षों से आंख, हाथ-पैर से पुरी तरह विकलांग होने पर भी, शासन से पेंशन और कोई भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। कारण आजकल हर काम ऑन लाइन होने लगा है।

दरअसल गणेश्वरी की उम्र पंद्रह साल है। पुर्ण विकलांग होने के कारण अंगुली थम्ब सेंसर में नहीं आ रहा है। आंखों की रौशनी नहीं होने के चलते आंखों की पुतलियों की स्कैनिंग भी आधार कार्ड बनाने में सफलता नहीं मिल पा रही है और आधार कार्ड नहीं बनने के कारण शासन प्रशासन से कोई लाभ इस बच्ची को नहीं मिल पा रहा है। जन चौपाल में इस समस्या को सुनकर शुक्रवार पच्चीस तारिख को जन चौपाल के नोडल अधिकारी ने सुकमन के घर का दौरा किया और कोई समाधान निकालने की बात कही। सही है विज्ञान विकास है तों विज्ञान से कभी,कभी समस्या भी हों जाती है।



# जम्मू-कश्मीर आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को पूर्व सैनिकों ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की याद में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव द्वारा विकास नगर स्टेडियम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व सैनिकों के साथ–साथ निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों ने भी दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए परिषद के जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने इस आतंकी हमले को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि हम ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करते हैं। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती सहित परिषद के अन्य सदस्य और प्रशिक्षणार्थी भी मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र से जोड़ने करेलघाटी को काटकर बनाया जा रहा राष्ट्रीय राजमार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से नारायणपुर से महाराष्ट्र से जोड़ने के लिए सर्वाधिक नक्सल प्रभावित करेलघाटी को काटकर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 डी को निर्माण किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था, लेकिन दोनों ओर से सुरक्षा बलों की तैनाती के चलते सड़क बना रहा है। नारायणपुर से आकाबेड़ा तक 17 किमी में विभिन्न गांव के बीच अनेक घाटी, पहाड़ था, इसके कारण यहां सड़क का निर्माण असंभव जैसा था। एनएच की ओर से लगभग 93.07 करोड़ की लागत से घाटी एवं पहाड़ को काटकर ऐसी जगह पर सड़क बन रही है। कई गांव के ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य को देखकर कहा कि सड़क बनने का सपना देख रहे थे, जो अब जाकर साकार होगा। अब सड़क बन जाने से न सिर्फ ग्रामीण, बल्कि स्कूली छात्र-छात्राएं बेहद खुश रहेंगे।



## कई जगह गिरे पेड़, टूटे बिजली के तार, बिजली आपूर्ति बाधित

# मौसम ने बदली करवट, तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

मुख्यालय फरसगांव में शनिवार की शाम 4 बजे के बाद मौसम ने अचानक करवट ली। जहां एक ओर सुबह से तेज धूप और गर्मी ने लोगों को परेशान किया, वहीं शाम होते-होते आसमान में काले बादल छा गए और तेज आंधी जैसी हवाएं चलने लगीं। कुछ ही देर में तेज हवाओं के साथ जोरदार ओलावृष्टि शुरू हो गई, तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश से तापमान में गिरावट आई और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

इस अचानक बदले मौसम के कारण आम जनजीवन कुछ समय के लिए अस्त-व्यस्त हो गया। वहीं, तेज हवाओं के कारण विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई। नगर में कई जगहों पर पेड़ के डंगाल गिर गए। कई दुकानों के ऊपर पेड़ के डंगाल गिर गए। नगर के अस्पताल मैदान में शादी पार्टी की तैयारी चल रही थी, तेज हवाओं ने मैदान में लगाए टेंट स्टेज आंधी के चलते तहस नहस कर दिया। टेंट सामना टूट फूट गए। वही थाना परिसर में पुलिस वाहन के ऊपर डंगाल गिर गया, हालांकि वाहन को कुछ नहीं हुआ। लेकिन एक बड़ा हादसा टल गया। वही नगर के अस्पताल चौक पर स्थित बाइक गैरेज की दुकान में ऊपर पेड़ का डंगाल गिर गया यही नहीं पास में स्थित बिजली के ट्रांसफार्मर के ऊपर भी पेड़ की डंगाल गिर गया। बिजली के तारे टूट गई। जिससे बिजली की आपूर्ति देर रात तक बंद थी।जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। हालांकि, बारिश और ओलावृष्टि के कारण वातावरण में ठंडक बढ़ गई है और गर्मी से राहत महसूस की जा रही है।



## पेज 11 के शेष

### कार की टक्कर...

रिफर करने पर मैं अपने घर कोड़ेजुंगा चला गया था और परिवार वालो के साथ सलाह करने के उपरांत थाना में शिकायत दर्ज कराया।

पुलिस ने घायल ग्रामीण की शिकायत पर आरोपी कार क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 6088 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### बनसागर व रिसेवाड़ा...

सिंहा, फूलवती सिंहा, जगमोबाई जुर्री, सुरजोतीन, बलीराम नेताम, जादूराम जुर्री, अभिराम सिन्हा के द्वारा ज्योति कलश का दर्शन कर उनके बताए मार्गों पर चलने की बात कही। गायत्री माता के शताब्दी वर्ष पर गायत्री परिवार के आदर्शों और मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया गया ।इस अवसर पर गायत्री परिवार के साथ मिलकर समाज के कल्याण और उत्थान के लिए काम करने की बात कही गई। ग्राम रिसेवाडा में भी भव्य स्वागत करते हुए इनमें सुमित बाई पटेल, दुलारी जैन, लता गोस्वामी, अनुसूया गोस्वामी, सुलोचना पटेल, कुंती पटेल, आराधना पटेल, नाहरवाती पटेल, पूर्व उप सरपंच सुरेश पटेल, कोतवाल बाला दास मानिकपुरी, जगदीशपुरी गोस्वामी, खिलेंद्र पटेल, सागर पटेल आदि ग्रामीण सम्मिलित हुए दर्शन करने वालों को ज्योति कलश रथ के सज्जनों ने माता का प्रसाद वितरण किया।

खबर संक्षेप

## टेकनार में हुआ अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का हुआ शुभारंभ



**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर विकासखण्ड दंतेवाड़ा के ग्राम टेकनार में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। राज्य शासन की मंशानुसार अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र में नागरिक सेवाओं को अधिकाधिक जन सुलभ बनाने के लिए पंचायत स्तर पर ही सभी लाभ दिए जाएगें। इसके तहत वित्तीय समावेशन सेवाएं जैसे नगद आहरण, फंड ट्रांसफर, बीमा ऑनलाइन, पैन कार्ड, पीएससी सेवा प्रदाय, विभिन्न सरकारी योजनाओं का पंजीयन, पासपोर्ट, आवेदन बिजली बिल भुगतान, के साथ-साथ जन्म मृत्यु, विवाह पंजीयन आय, निवास, जाति प्रमाण पत्र, ई-डिसट्रिक्ट सेवाएं भी पंचायत स्तर पर उपलब्ध होगी। इस मौके पर ग्राम पंचायत भवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का वर्चुअल संबोधन भी ग्रामीणों के मध्य हुआ। मुख्यमंत्री ने इस दौरान ग्रामीणों को पंचायती राज दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज प्रदेश में 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का प्रारंभ किया गया है। इस सुविधा केंद्र के प्रारंभ होने से सभी ग्रामीण हितग्राहियों को शासन की समस्त योजनाओं के पंजीयन से लेकर बैंकिंग लेन देने के लिए ग्राम से शहर जाने के दिक्कत से मुक्ति मिलेगी।

## छन्नू की पत्नी को मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति



**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम में सफाई कामगार के पद पर कार्यरत छन्नूराम मंडावी की मृत्यु उपरांत उनकी विधवा रेशमा मंडावी की अनुकंपा नियुक्ति को लेकर आज छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संभाग प्रभारी कैलाश चौहान तथा अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव ने महापौर संजय पांडे से भेंटकर अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में ज्ञापन सौंप कर चर्चा की। महापौर संजय पांडे ने फेडरेशन को आश्वस्त किया कि छन्नू मंडावी की विधवा को अनुकंपा नियुक्ति के लिए सहानुभूति पूर्वक विचार कर अनुकंपा अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने का आश्वासन दिया।

## बच्चों को बाल-अधिकारों के बारे में दी गयी जानकारी

**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर पालनार पंचायत में जिला प्रशासन दंतेवाड़ा एवं नीति आयोग के सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से बाल सभा का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें पंचायत व्यवस्था एवं अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र से परिचित कराना था। इस बालसभा में लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक अपने विचार साझा किए। इसके साथ ही विशेषज्ञों और पंचायत प्रतिनिधियों ने बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, और सहभागिता जैसे मौलिक अधिकारों की जानकारी दी। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि बाल सभा के माध्यम से बच्चों की आवाज को पंचायत तक पहुँचाने का एक सशक्त मंच मिला है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि बच्चों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

### पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत एनीमिया जांच शिविर का किया गया आयोजन

# नियमित आयरन व फोलिक एसिड की खुराक लेने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण में छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में आयरन की कमी एनीमिया की स्थिति की पहचान कर समय पर उचित परामर्श व उपचार प्रदान करना था।

शिविर की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह द्वारा की गई, जिन्होंने बच्चों को संतुलित आहार, आयरन युक्त खाद्य पदार्थों और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को समझाया। इको क्लब प्रभारी प्रवीण चंद्राकर एवं स्टॉफ नर्स अनीता झाड़ी द्वारा कार्यक्रम के संचालन एवं व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई गई। इस शिविर में स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा हीमोग्लोबिन जांच, प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण, आयरन की गोली का वितरण, एनीमिया की रोकथाम हेतु पोषण संबंधी जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। कक्षा 6वीं से 12वीं तक के लगभग सभी छात्रों की जांच की गई। जिन छात्रों में हीमोग्लोबिन स्तर कम पाया गया, उन्हें विशेष ध्यान दिए जाने हेतु स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही, नियमित आयरन व फोलिक एसिड की खुराक लेने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं सहयोगी शिक्षकों को दिया गया। साथ ही पौष्टिक तथा संतुलित पोषण आहार विषय पर रंगोली, निबंध तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में संतुलित आहार के महत्व को रचनात्मक तरीके से समझाना और उनमें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पौष्टिक भोजन की थाली, फल-सब्जियों और संतुलित आहार पिरामिड को आकर्षक रंगों से प्रस्तुत किया। निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने संतुलित आहार के घटकों, उसके लाभ तथा दैनिक जीवन में इसके पालन पर अपने विचार अभिव्यक्त किए। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन की अवधारणा को सुंदरता से दर्शाया।

इस आयोजन के सफल संचालन में इकोक्लब प्रभारी प्रवीण चंद्राकर और क्राफ्ट टीचर श्रीमती शालीन परिहार का योगदान रहा। निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों के कार्यों का मूल्यांकन कर विजेताओं की घोषणा की गई। विजेताओं को विद्यालय स्तर पर प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, इको क्लब प्रभारी व समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बंगीय समाज ने मनाया श्रीहरिनाम संकीर्तन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बचेली वार्ड क्रमांक 16 बंगाली कैंप में बंगीय समाज द्वारा हर साल के भांति इस साल भी अष्टम प्रहर श्रीश्री हरिनाम संकीर्तन का आयोजन 24 अप्रैल से किया गया। जिसके पहले दिन गुरुवार को गंगा वरण विधान में कीर्तन मण्डली के साथ समाज के महिलाओं ने स्थानीय संम्प्लेक्स नाला में पहुंचकर नाला की पूजा की।

यहां से कलश में जल ले कर महिलाएं वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। शाम 6 बजे से 11 बजे तक कार्यक्रम स्थल में अधिवास कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धांलुओं ने कीर्तन का आनंद लिया। अष्टम प्रहर श्रीश्री हरिनाम संकीर्तन के बारे में कमेटी के अध्यक्ष निखिल सरकार, सचिव सुनील गाईन, व्यवस्थापक दिनेश गाईन, जुगल कुंडू और सचिन मिस्त्री ने बताया की तीन दिवसीय अष्टम प्रहर श्रीश्री हरिनाम संकीर्तन से गंगा वरण विधान पूर्ण किया जा चूका हैं। इसके उपरांत शुक्रवार सुबह 6 बजे से अष्टम प्रहर श्रीश्री हरिनाम संकीर्तन प्रारम्भ किया गया।

इसके बाद महाभोग आनंद बाजार दोपहर 1 बजे से प्रारम्भ हुआ, जिसमें भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। शनिवार को संकीर्तन विराम, 7 बजे नगर कीर्तन, दोपहर भोग आरती, महंत विदाई और पदावाली कीर्तन के उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ। अन्य जिले और राज्य से पहुंची कीर्तन मण्डली देंगे प्रस्तुति।

बताया गया हैं कि इस साल होने वाले हरिनाम संकीर्तन में चार कीर्तन मण्डली ने अपनी प्रस्तुति दीं हैं। जिसमे समगम संप्रदाय पाखनजोड़ 72 न., पुरला संप्रदाय अमरकोट 20 न. से, अमरकोट 7 न. से ही श्याम सुन्दर संप्रदाय एवं बालिका संप्रदाय पाखनजोड़ 12 न. से ने अपनी प्रस्तुति दीं हैं, जिन्हे समाज के पदाधिकारियों द्वारा सभी सम्मान और स्वागत किया जायगा।

## अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में महिलाओं की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



विकासखण्ड बस्तर के संकुल केन्द्र फरसापारा में आज अंगना म शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम वर्ष 2020 से जिले में संचालित है, बीते चार वर्षों में सफलता के नया आयाम रचा है।

हर वर्ष बच्चों को नया उत्साह व अनुभव प्राप्त होता है इसलिए माताओं व समुदाय के सहयोग से इन बच्चों को तैयार किया जाय। समुदाय और अभिभावकों को साथ में लेकर उनकों इसका महत्व समझाया जाये, जिससे बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इसी उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए जिले भर में मेलों का आयोजन किया जाता रहा है। इन मेलों को पढाई तिहार नाम दिया गया है, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 अप्रैल पढ़ाई तिहार का आयोजन किया गया। अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार हेतु विकास खण्ड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर ने महिला की सहभागिता पर जमकर प्रशंसा की, ए बीईओ बस्तर ने कार्यक्रम में बच्चों की सहभागिता एंव गतिविधियों पर खुशी जाहिर करते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारती देवांगन विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, सुशील तिवारी सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी, अजम्बर कोर्राम बीआरसी बस्तर, विष्णु यादव संकुल शैक्षिक समन्वयक, गोमती यादव, प्यासी बघेल मास्टर ट्रनेर्स समस्त शिक्षक ,महिला , छात्र बहुतायत में उपस्थित थे।

## जिला पंचायत सदस्य ने जल संवर्धन की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बालेंगा और टिकनपाल में जिला पंचायत सदस्य शंकुतला कश्यप ने पंचायत राज दिवस के अवसर पर जल संवर्धन और बरसात के पानी के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीणों को हर घर में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की शपथ दिलाई।

- जल संवर्धन और बरसात के पानी के संरक्षण पर प्रकाश डाला

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बालेंगा सरपंच चंद्रकला बघेल, टिकनपाल सरपंच धरमू कश्यप, उपसरपंच, पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### शिक्षा और खेल को बढ़ावा

श्रीमती कश्यप ने ग्राम पंचायत बालेंगा के बच्चों में खेल सामग्री का वितरण किया, जिससे उनकी शिक्षा और शारीरिक विकास में मदद मिलेगी। इस पहल से बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी और उनकी शिक्षा में सुधार होगा।

### जल संवर्धन की पहल

शंकुतला कश्यप की पहल से ग्राम पंचायत बालेंगा और टिकनपाल में जल संवर्धन और शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्रामीण जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। जल संवर्धन की इस पहल से क्षेत्र में जल संकट को कम करने में मदद मिलेगी।

### ग्रामीणों का समर्थन

ग्रामीणों ने श्रीमती कश्यप के प्रयासों की सराहना की और जल संवर्धन के महत्व को समझने की बात कही। श्रीमती शंकुतला कश्यप ने आगे भी ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा और जल संवर्धन के क्षेत्र में काम करने का वादा किया।

## भीषण गर्मी से राहत के लिए अस्पतालों को भेंट किए 8 कूलर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

समाज सेवा के क्षेत्र में दंतेवाड़ा जिले में अग्रणी भूमिका निभा रही शिरडी साई फाउंडेशन सेवा समिति, गीदम ने एक बार फिर अपनी सेवा भावना का परिचय देते हुए क्षेत्र में बढ़ती भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए 8 नग कूलर भेंट किए हैं। यह कूलर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जावँगा को दिए गए हैं, जिससे मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों को गर्मी से राहत मिल सके।

समिति के सदस्यों ने बताया कि यह पहल संस्था की वार्षिक सेवा गतिविधियों का ही एक हिस्सा है। इससे पूर्व भी समिति ने कई मानवीय कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न किया है, जिनमें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, सैकड़ों लोगों का उपचार, जरूरतमंद मरीजों के लिए आर्थिक सहायता और दवाओं की व्यवस्था। रक्तदान शिविरों का आयोजन, गरीब व असहाय लोगों के लिए अस्पताल में साईं भोजन कैंटीन की व्यवस्था। प्राकृतिक आपदा या महामारी के समय सैनिटाइज़र, मास्क और राशन किट का वितरण। नक्सल पीड़ित 5 निराश्रित बच्चों का लालन पालन। शहरी क्षेत्र से अनुपयोगी सामग्री कपडे, खिलौने आदि को एकत्रित करके बीहड़ अंचल में जाकर उसका वितरण करना। नवरात्रि में मां दंतेश्वरी के दर्शनार्थ आने वाले पद यात्रियों के लिए प्रतिवर्ष सेवा पंडाल की स्थापना करना। समिति का यह समर्पण न केवल सेवा कार्यों में दिखता है, बल्कि समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को भी दर्शाता है।

स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों व स्टाफ ने इस सहयोग के लिए समिति का हृदय से धन्यवाद किया और कहा कि यह सहयोग मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। गौरतलब हैं कि शिरडी साई फाउंडेशन सेवा समिति की यह पहल क्षेत्र में सेवा और समर्पण का प्रतीक बन चुकी है और समाज के अन्य संगठनों को भी प्रेरित कर रही है।

# शाला संग्रहालय का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भोंड




बस्तर ब्लॉक के प्राथमिक शाला बड़ेपारा चेराकुर संकुल केंद्र मांदलापाल में संकुल स्तरीय शाला संग्रहालय का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मंचासिन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना से हुई।

शाला संग्रहालय का मुख्य उद्देश्य विलुप्त होती विरासत को सुरक्षित रखने के साथ-साथ बच्चों को संस्कृति का ज्ञान देना है। समुदाय के पारंपरिक ज्ञान के संवर्धन हेतु प्राचीन भाषाओं और संस्कृति को जानना, बच्चों के खोजी प्रवृति का विकास करना, पारंपरिक संस्कृति के ज्ञान को स्कूली ज्ञान से जोड़ना है। लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउन्डेशन के पहल से शाला संग्रहालय का शुभारंभ बस्तर विकासखंड के शालाओं में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में संकुल केंद्र मांदलापाल में शाला संग्रहालय का शुभारंभ किया गया। शाला संग्रहालय के साथ साथ अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम भी प्राथमिक शाला बड़ेपारा चेराकुर में किया गया। अंगना मा शिक्षा के माध्यम से माताओं द्वारा घर में वस्तुओं माध्यम से सीखने की प्रक्रिया से किस प्रकार जोड़ सकते हैं इसके बारे में चर्चा किया गया।

इस कार्यक्रम में सरपंच अनंदा बघेल, संकुल प्राचार्य राजेन्द्र डाहरे, संकुल समन्वयक देवेन्द्र सोनी, भागचंद बघेल, सहादेव कश्यप,उमेश कश्यप, मीणा कश्यप, सुकली बघेल, सुमति बघेल, संतु कश्यप, सुफली बघेल, देवेंद्र सोनी, हेमलता नाग, जेमी कुजूर, जयदेव ठाकुर, रूपेंद्र गायकवाड, कमलोचन पाण्डे, कमल कश्यप, राजेश देवांगन, यालम यशवंत और लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउन्डेशन से सुरेंद्र विश्वकर्मा व संकुल के शिक्षक व ग्रामीण शामिल थे।

## अंगना म शिक्षा पढ़ई तिहार मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



अंगना म शिक्षा पढ़ई तिहार मेला का आयोजन प्राथमिक शाला सोनारपारा गीदम में किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों का संपूर्ण विकास करना व सभी माता के द्वारा घर पर ही पारिवारिक वातावरण में आनंद व माहौल में हो। इस मेले का आयोजन में स्वप्रेरित शिक्षिकाओं द्वारा अधिक से अधिक माताओं को जोड़कर उनके उन्मुखीकरण करना तथा उन लोगों के बीच से स्मार्ट माता का चयन कर उनको पहचान देना, इस आयोजन में बालबाड़ी से आने वाले बच्चे जो कक्षा पहली में प्रवेश करेंगे उनका अवलोकन किया जाता है। अर्थात कक्षा पहली में प्रवेश करने की पूर्व तैयारी , मेले में नौ काउंटर बनाकर संतुलन बनाना, रंग पहचान, वर्गीकरण छोटा या बड़ा की पहचान, आकृति पहचान, चित्र देखना गिनना इत्यादि में बच्चों का अवलोकन कराया जाता है। इस आयोजन में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शिल्पा चौहान, सहायक शिक्षक प्रीति ध्रुव, स्वयंसेवी रेखा सहयोगी शिक्षिका शिखा सिंह, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष जमुना अतरा एवं उपाध्यक्ष प्रमिला अतरा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं माताएं सम्मिलित हुई, समापन के अवसर पर सभी आये हुई माताओ ग्रामीणों का संकुल समन्वयक गीदम योगेश सोनी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## छूटे बच्चों की शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस द्वारा शनिवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आकांक्षी जिला बस्तर और आकांक्षी विकासखंड तोकापाल कार्यक्रम की समीक्षा बैठक लिया। उन्होंने आकांक्षी क्षेत्र में चिन्हांकित योजनाओं की समीक्षा करने के दौरान स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं में एडीपी रिपोर्ट में एएनसी हेतु पंजीयन, गंभीर एनीमिया वाले गर्भवती महिलाओं का परीक्षण व उपचार की गतिविधि, गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट, लिंगानुपात की स्थिति, टीकाकरण, टीबी का टेस्टिंग और उपचार, संस्थागत प्रसव,जन्म से कमजोर बच्चों के बेहतरी करने पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि टीकाकरण के लिए छूटे हुए बच्चों को लक्षित कर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण ट्रेकर ऐप में एंट्री, 6 साल से कम उम्र के कमजोर बच्चों को पूरक पोषण आहार देना, पेयजल की व्यवस्था, सेम और मेम के आधारित बच्चों को पूरक आहार के साथ पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करवाने, आंगनबाड़ी केंद्र में शौचालय की स्थिति की समीक्षा कर उसका उपयोग सतत करवाने के निर्देश दिए।

## अग्नि शमन यंत्र का विधायक ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



नगर सैनिक कार्यालय रेलवे कॉलोनी दंतेवाड़ा में आपातकालीन अग्नि शमन यंत्र के नये वाहन का क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने विधी विधान से पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया एवं हरी झंडी दिखाकर जनहित के उपयोग हेतु रवाना किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामि, जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा,मंडल अध्यक्ष दंतेवाड़ा जय भंसाली, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर,नगर पालिका अध्यक्ष दंतेवाड़ा पायल गुप्ता,पूर्व जिलापंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना,पूर्व मंडल अध्यक्ष कुआकोंडा सोमडू कोर्राम,पार्षद चंदन ध्रुव, राजेश बोरबन, कुंती झरना, गौतम भाटी समेत अन्य जनप्रतिनिधि व भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



**खबर संक्षेप**



### पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, दो मिनट मौन धारण कर कार्यकताअरं ने अर्पित की। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले में धर्म पूछ कर किये गये नरसंहार में 28 पर्यटकों की हृदय विदारक मृत्यु पर भाजपा जिला कार्यालय में नगर मण्डल द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय,छग भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, छग राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी,नगर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, पूर्व महापौर सफीरा साहू, योगेन्द्र पाण्डेय,रजनीश पाणिग्रही,नरसिंह राव, नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, आर्येन्द्र आर्य सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को कैंडल मार्च निकालकर दी गई श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि देने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय परिवार ने कैंडल मार्च निकाला। विवि के अधिकारियों, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने गोल बाजार स्थित जयस्तंभ चौक पर भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की एवं उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। देश की एकता, अखंडता और सदभाव के नारे के साथ सिरहासार चौक स्थित शहीद स्मारक तक कैंडल मार्च निकाला। कुलपति प्रो एमके श्रीवास्तव ने कहा कि इस जघन्य घटना से पूरा देश व्यथित और आक्रोशित है। दुर्भावनावश देश को बांटने और समाज में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश की जा रही है। इस अमानवीय घटना का हम सब पुरजोर विरोध करते हैं। इस अवसर पर डॉ. सुकृता तिर्की, डॉ. सजीवन कुमार, डॉ. मनोज कुमार, मृत्युंजय कुमार सहित अन्य फैकल्टी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### 48 नग अवैध सागौन चिरान किया गया जब्त

**जगदलपुर।** वन परिक्षेत्र भानपुरी में वन विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई में 48 नग सागौन चिरान जप्त किया गया। जगदलपुर वृत्त मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा के निर्देशानुसार शनिवार को ग्राम मावलीगुड़ा में वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं उप वन मंडलाधिकारी आईपी बंजारे के नेतृत्व में उड़नदस्ता प्रभारी बुधराम साहू, भानपुरी वन परिक्षेत्र अधिकारी पीएल पांडे एवं समस्त स्टाफ के सहयोग से छापेमारी की कार्रवाई कर घर में छुपा कर रखे गए अवैध सागौन काष्ठ जप्त कर वन अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इसमें 48 नग चिरान 0.523 घमी, जिसका अनुमानित कीमत एक लाख रूपए होगी।

**आक्रोश :** देश में भाईचारा बनाए रखने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे: मुस्लिम समाज

# मुस्लिम समाज ने पहलगाम हिंसा के खिलाफ रैली निकालकर आतंकवाद का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर







जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले जिसमें 28 निर्दोष की जान चली गई थी। पूरे देश में आतंकवाद को लेकर गुस्से में है, इसी के तहत कांकेर में मुस्लिम समाज ने भी रैली निकाल आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांकेर मुस्लिम समाज के लोगों ने 25 अप्रैल शुक्रवार को देर शाम जामा मस्जिद से पुराना बस स्टैंड तक रैली की शक्ल में पहुंची। पुराना बस स्टैंड में पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पाकिस्तान आतंकवाद का पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन किया गया। पहलगाम हमले को लेकर जामा मस्जिद के इमाम इस्लामिक स्कालर मुफ्ती सिराजुद्दीन अल कादरी ने कहा इस्लाम शांति का धर्म है। आतंकवाद का इस्लाम से कोई संबंध नहीं और हम देश के साथ हैं और कश्मीर में हुई घटना की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, साथ ही साथ इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वालों को केंद्र सरकार सख्त से सख्त सजा दे, ताकि दोबारा हमारे देश में ऐसी घटनाएं कोई ना कर सके। समाज के प्रमुख बुद्धिजीवियों ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद इंसानियत का दुश्मन है और इसका इस्लाम से कोई वास्ता नहीं। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं सिर्फ देश को ही नहीं, बल्कि मजहब की छवि को भी नुकसान पहुंचाती हैं। रैली शांतिपूर्ण रही और प्रशासन ने सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए थे। रैली में शामिल लोगों ने कहा कि हम सभी हिंसा और नफरत के खिलाफ हैं और देश में भाईचारा बनाए रखने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

आयोजित रैली प्रदर्शन में सदर जावेद मेमन, अब्दुल गफ्फार मेमन, सैयद नसीम अली, माशूक अली, फहीम खान, हाजी खान, वाहिद खान, निजाम खान, हनीफ मेमन के अलावा मुस्लिम समाज सैकड़ों की संख्या में पुरुष बुजुर्ग और युवा रैली में शामिल हुए।

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में चारामा की दुकानें रही बंद, रैली निकालकर जलाया पुतला



**चारामा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में 26 अप्रैल को चारामा नगर में एक दिवसीय बंद रखा गया, चारामा बंद स्वस्फूर्त रहा। इस बंद का आव्हान नगर के व्यापारी संघ और हिंदू संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। चारामा के व्यापारी संघ और हिंदू संगठनों द्वारा बंद का आव्हान किया गया था, उसी के तहत सुबह से ही नगर के व्यापारियों ने स्वस्फूर्त अपनी अपनी दुकानें बंद रखी। सुबह से ही नगर में सन्नाटा पसरा रहा और आम जनजीवन प्रभावित रहा। नगर के व्यापारियों का कहना था कि पाकिस्तान को अब सबक सिखाने का समय आ गया है। जम्मू काश्मीर में राष्ट्रपति शासन लगाकर आतंकवादियों को संरक्षण देने वालों को जमीदोंज कर देना चाहिए। व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से इस बंद का समर्थन किया और आतंकवाद के खिलाफ अपनी एकजुटता दिखाई। आज के बंद के साथ-साथ शाम 6 बजे एक विशाल रैली भी निकाली गई। यह रैली नगर के कोरर चौक से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी। रैली के अंत में आतंकवादियों का पुतला जलाया जाएगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों का कहना था कि विश्व के बड़े बड़ देशों ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को संरक्षण दे रहा है। पाकिस्तान को अब ठीक करने का समय आ गया है। मोदी सरकार ने जो अभी तक निर्णय लिया है, उससे पाकिस्तान तिलमिला गया है। इस रैली में नगर के सभी प्रमुख व्यापारी, समाजसेवी, युवा और हिंदू समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। विदित हो कि कुछ दिन पहले भी नगरवासियों ने भारत माता चौक पर कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी थी और आतंकवाद के खिलाफ विरोध जताया था।

## केजी वन से लेकर नवमी कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बासनवाही

बासनवाही के गांधी विद्या मंदिर कोटलभट्टी विद्यालय के कक्षा केजीवन से लेकर कक्षा नवमी तक वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम विद्यालय के कक्षा नवमी से प्रथम स्थान शीतल यादव ने 93.8 प्रतिशत, दुसरा स्थान कक्षा तीसरी से करूणा कश्यप 92.4 प्रतिशत व तीसरा स्थान कक्षा आठवीं से गरिमा कश्यप 91.1 प्रतिशत रहा वहीं विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

- शत प्रतिशत रहा विद्यालय का परिणाम

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन मरकाम ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान अपने खेतों में जितना ज्यादा मेहनत करता है उसे उतना ही फल मिलता है उसी प्रकार छात्र मेहनत करें और अच्छे से परिणाम पाते रहे। परीक्षा परिणाम के संबंध में संस्था के प्रधानाचार्य जेएस नेताम ने कहा कि छात्र शिक्षक एवं पालक वर्ष भर मेहनत करते हैं, जो सबसे ज्यादा मेहनत करते हैं उसका परिणाम इच्छित लक्ष्य की ओर ले जाता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विष्णु नेताम राजकुमार नेताम, राकेश कुमार नेताम, विष्णु नेताम, विद्यालय से अमीर लाल मंडावी, विवेक दास मानिकपुरी, देवकरण नेताम, शत्रुघ्न मरकाम, भक्त नारायण महमल्ला, रामदयाल नेताम, संजय शोरी, प्रेम लाल वट्टी, गौरव कौशिक, देवचंद नेताम, उत्तम नेताम, संतू नेताम, नर्मेद सलाम, मुकेश कुंजाम, सोन सिंह नेताम, शिक्षिका गायत्री महमल्ला, भागबती नेताम, लक्ष्मी नेताम, अनु वर्मा,रमली मरकाम, यशोदा नेताम, ललिता यादव, दीपिका नेताम, रूपेश्वरी मरकाम, यामिनी वट्टी, संगीता मरकाम, दुर्गा नागेश व सीमा नाग ने छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

## सेन महाराज की 725 वीं जयंती पर विधायक ने बुजुर्ग महिलाओं को साड़ी देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



चंदापारी सेन समाज ग्रामीण नाथियानवागांव में नंदा सेन महाराज की 725वीं जयंती धूम-धाम से मनाई गई। सेन महाराज की पूजा अर्चना के बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। विधायक आशाराम नेताम ने बुजुर्ग महिलाओं को साड़ी देकर सम्मानित किया गया एवं होनहार छात्रों व जनप्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा समाज को संगठित करना कठिन काम है, दुर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से एक जगह सबको एकत्रित करना उससे भी कठिन काम है। परन्तु ग्रामीण सेन समाज के पदाधिकारियों के प्रयास से इस कार्य में सफलता मिली हैं समाज ही हमारी पहचान है। समाज के अध्यक्ष मोहन शांडिल्य ने कहा हमारा ग्रामीण समाज 39 गांवों में बसा है एवं हमारी संख्या भले ही कम है परन्तु संगठन मजबूत है। समाज के संरक्षक प्रभुराम शांडिल्य ने नंदा सेन महाराज की जीवन परिचय से अवगत कराते हुऐ उन्होंने कहा उंट के कारवां की रफ्तार पहले उंट से नहीं आखिरी उंट से नापनी चाहिए। हमारा भी प्रयास यही है कि गांव के अंतिम छोर में बैठा हुआ परिर को मंच तक एवं मुख्य धारा से जोड़ना है। इस अवसर पर महेन्द्र शांडिल्य, मनोज शांडिल्य, राजेश सेन, मनीष सेन, टिकेश्वर सेन, संदीप सेन, लखन सेन, प्रकाश सेन, कांति सेन, समाजसेवी अखिलेश्र सेन, महिलाऐं, नवयुवक, नवयुवतियां एवं बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हुए। मंच संचालन का कार्य वेदराम सेन ने किया एवं भोजन प्रसादी के बाद सभा समाप्त हुई।

- होनहार छात्रों व जनप्रतिनिधियों को भी दिया गया सम्मान

### ओवरलोड वाहनों की मोबाइल वे पैड से जांच कर रहा उड़नदस्ता

**जगदलपुर।** ओवरलोड वाहनों पर लगाम लगाने के लिए परिवहन विभाग के उड़नदस्ता की टीम बस्तर संभाग के विभिन्न सड़कों में चल रही ओव्हरलोड वाहनों की मोबाइल वे पैड से जांच किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बस्तर संभाग में प्रदेश के अलावा आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, बंगाल, गुजरात, झारखंड, पंजाब, उत्तरप्रदेश और बिहार आदि राज्यों की वाहन गुजरती हैं। ऐसे वाहनों की मोबाइल वे पैड से जांच की गई, जिसमें ओव्हरलोड वाहनें मिली, जिन पर जुर्माना किया गया। उड़नदस्ता टीम मोबाइल वे पैड से अलग-अलग सडकों पर खड़ी कर आने-जाने वाले मालवाहक वाहनों की चेकिंग कर रही हैं। चालानी कार्रवाई में वाहन नम्बर और मोबाइल नम्बर इस मशीन में फीड किया जा रहा है। इसमें ट्रैफिक नियमों की नए मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार विभिन्न धाराओं और उनके जुर्माने की राशि फीड हैं। नियमों को तोड़ने वालों की खैर नहीं परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनिल गारदे ने बताया कि टीम संभाग के सभी सड़कों में मोबाइल वे पैड से वाहनों की जांच की जा रही है। इससे परिवहन नियमों को तोड़ने वालों की अब खैर नहीं है।

## विधायक सावित्री पहुंची सराधुघामरे, सामुदायिक भवन के लिए की साढ़े 6 लाख रुपए की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत जनपद क्षेत्र क्रमांक 7 कोंडे से निर्वाचित जनपद सदस्य धनसाय हुर्रा के आभार एवं स्वागत कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी सुदुर ग्राम सराधुघमरे पहुंची। आजादी के बाद से अब-तक कोई भी विधायक या सांसद इस ग्राम तक नही पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ये मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि आजादी के बाद यदि किसी विधायक को आपके गांव में आने का मौका मिला और ये आप सब के प्रेम और आशीर्वाद ही है जो मुझे यहां तक खींच लाया है।आयोजित कार्यक्रम में विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा की जिस प्रकार आपने पूरे बस्तर संभाग में मुझे सबसे अधिक वोटों से जीत दिलाई है। वैसे ही आप सभी ने कोण्डे जनपद क्षेत्र से धनसाय हुर्रा को जिताया है। इसके लिए आप सभी को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। निश्चित रूप से जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे इस क्षेत्र की बागडोर सौंपी है, उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगी और आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करूंगी। किसी भी परिवार व समाज के विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शिक्षा ही वह हथियार है जिसके माध्यम से हर एक जंग को जीती जा सकती है, इसलिए मैं आप सभी से निवेदन करना चाहुंगी कि आप अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ायें और उन्हें संस्कारवान भी बनाए। ग्रामवासियों के मांग पर विधायक ने सामुदायिक भवन के लिए 6.50 लाख की घोषणा किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल गोपी बढ़ाई, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल आनंद तेता, मनेसिंग सलाम सरपंच सराधुघमरे, प्रेमसिंह पुड़ो सरपंच कोण्डे, मुकेश गावड़े सरपंच सराधुमिचगांव, सुनील बबला पाढ़ी पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत भानुप्रतापपुर, सुनाराम तेता अध्यक्ष जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, हुमन मरकाम, हृदय बघेल, धनेश नरेटी, सोमदेव कोरेटी, सरपंच प्रेमपुडो, मुकेश गावडे, मनेसिंह सलाम, दीपक पुडो, मानसू आंचला, रजमन कोवाची व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

- शिक्षा ही वह हथियार है जिससे हर एक जंग को जीती जा सकती है : विधायक

## सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ 3 महिला समेत 5 गिरफ्तार

किराए के मकान में चल रहा था देह व्यापार, गोपनीय शिकायत के बाद पुलिस की रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहर के तेतरखुटी इलाके में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए बोधघाट पुलिस ने तीन महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से इस इलाके में किराए के मकान में देह व्यापार किया जा रहा था। गोपनीय शिकायत के बाद पुलिस ने पाइंटर भेजकर रेड कार्रवाई की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन तथा सीएसपी आकाश श्रीमाल के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। बोधघाट थाना में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गोपनीय शिकायत करते हुए बताया गया था कि तेतरखुटी पारा में कुछ लड़कियो के द्वारा किराये के मकान में देह व्यापार किया जा रहा हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए टीम द्वारा शिकायत में दिये गए महिला से एक पॉइंटर नियुक्त कर मोबाइल से बात कराया गया। उक्त महिला ने अपना नाम कविता साहू तथा तेतरखूंटी में सेक्स करने के लिए लड़की उपलब्ध कराने तथा एक बार में डेढ़ हजार रूपए रेट होना बताया। जिसके बाद पॉइंटर को 1500 रूपए देकर तेतेरखूंटी में महिला के बताये मकान में भेजा गया। पॉइंटर का इशारा मिलते ही मकान में दबिश दी गई जहां 3 लड़की तथा 2 लडके मिले। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम कविता साहू उर्फ मानसी 24 वर्ष निवासी आमागुडा, पूजा नाग उर्फ मोना 26 वर्ष निवासी कोसागुमड़ा बाजार के पीछे ओडिशा, केश कुमारी उर्फ किरण कोर्राम उर्फ मान्या 27 वर्ष निवासी नयामुंडा तिरंगा चौक तथा दो युवक प्रवीण एपी 29 वर्ष निवासी त्रिशूल थाना बड़का चेरी जिला त्रिशूल केरला हाल एनएमडीसी केंटीन नगरनार व विपिन एमजी 26 वर्ष निवासी ग्राम अलातूर थाना वटकुजरी जिला पालकट केरला हाल एनएमडीसी केंटीन नगरनार बताया।

## 21 स्कूली वाहनों का हुआ भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



जिले में यातायात पुलिस व जिला परिवहन अधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से स्कूली बच्चों का परिवहन करने वाले 21 बसों का भौतिक सत्यापन हाईस्कूल ग्राउण्ड में किया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार तथा आरके बर्मन के मार्गदर्शन में 25 अप्रैल को स्कूली वाहनों का भौतिक सत्यापन की कार्यवाही उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसरउल्लाह सिद्दकी व जिला परिवहन अधिकारी गौरव पाटले की टीम के द्वारा संयुक्त रूप से की गई। जिले के शासकीय/निजी स्कूलों के वाहनों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्कूल बसों से संबंधित अनुज्ञापत्र की शर्तों के आधार पर एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी अधिसूचना के द्वारा स्कूल बस के रूप में संचालन हेतु अनुज्ञा पत्र के अनुसार भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान वाहनों में स्थायी रजिस्ट्रेशन, बीमा प्रमाण-पत्र, प्रदुषण नियंत्रण प्रमाण पत्र, फिटनेस, बसों के आगे-पीछे स्कूल बस लिखा हुआ, वाहन का पीले रंग से रंगाई, बस के बाहरी भाग में स्कूल का नाम, पता, टेलिफोन नम्बर लिखा होना तथा स्कूल बसों में आपात कालीन दरवाजों, अग्नीशमन सिलेंडर, प्राथमिक उपचार किट बॉक्स, आईडीटीआर से प्रशिक्षित वाहन चालक और स्पीड गर्वनर से संबंधित वस्तु स्थिति का बारिकी से निरीक्षण किया गया।

### विधायक ने कार्यालय का किया उद्घाटन

**दंतेवाड़ा।** भाजपा जिला कोषाध्यक्ष व नगर पालिका उपाध्यक्ष बचेली सतीश प्रेमचंदानी के नवीन कार्यालय का क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने उद्घाटन किया।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



- बोटाक्स फिलर
- थ्रेड लिफ्ट
- स्किन पॉलिशिंग
- लेज़र फेशियल

Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

# तेंदुए ने 6 साल के बच्चे पर किया हमला भाई के हल्ला मचाने पर बाल बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बासनवाही

नरहरपुर विकासखंड के आछीडोंगरी दुधावा में आदमखोर तेंदुआ ने 6 साल के बच्चे के उपर हमला कर दिया, वहीं भाई के द्वारा हल्ला मचाने पर तेंदुआ भाग गया, जिसके चलते बच्चा बाल बाल बच गया। दुधावा क्षेत्र में जंगली जानवर अब रिहायशी इलाके का रुख करने लगे है।

जानकारी के अनुसार नमन कुमार मरकाम पिता संतुराम उम्र 6 वर्ष निवासी कोरमुड थाना सिहावा का निवासी है और वर्तमान में अपने रिश्ते के बड़े पिता सुकमन मरकाम के घर ग्राम आछीडोंगरी चौकी दुधावा में रहकर कक्षा पहली में पढ़ाई कर रहा है। पहली में पढ़ने वाला नमन 25 अप्रैल दिन शुक्रवार शाम सवा 7 बजे के आसपास घर के आंगन में खेल रहा था, तभी आदमखोर तेंदुआ नमन पर हमला कर दिया। हमला को देख उसके भाई ने जोर से चिल्लाया, आवाज सुनकर तेंदुआ छोड़कर भागा। इसके बावजूद आहत बालक के गला एवं गर्दन के पीछे तेंदुआ का दांत से चोट का निशान है। दाएं हाथ के बाजू में तेंदुआ के नाखून का निशान है। आहत बालक का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सारवण्डी में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर जिला अस्पताल रिफर किया गया। बता दे कि दुधावा क्षेत्र में इस तरह की पहली घटना नही है, जब घर से किसी बच्चे को तेंदुआ उठाकर ले गया हो। पिछले वर्ष कोरमुड गांव के बालक को तेंदुआ घर से उठाकर ले गया था। दो दिनों के बाद गांव से लगे पहाड़ी में बच्चे का खोपड़ी का अवशेष मिला था तथा दुधावा में आंगनबाड़ी जा रहा बच्चे के ऊपर भी हमला किया था। ऐसे ने स्थानीय लोगों में डर का माहौल बना हुआ है।



- आहत बालक को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल किया गया रेफर

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
23 मई 2025
06 जून 2025
14 अगस्त 2025
11 सितंबर 2025
03 अक्टूबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-35, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411